# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांकः ..................                                                                 दिनांक ..............

सेवा में,

**प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य,**
सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,
ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– समर्थ पोर्टल के माध्यम से चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2026–30 (सी0बी0सी0एस0) में नामांकन हेतु प्रकाशित प्रथम चयन सूची से नामांकन संबंधी दिशा–निर्देश।**

**महाशय / महाशया,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र– 2026–30 सी0बी0सी0एस0 के तहत नामांकन हेतु चयन सूची विश्वविद्यालय के बेवसाईट www.lnmu.ac.in पर जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थियों का नामांकन हेतु चयन उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये महाविद्यालय–वरीयता, अन्तर–स्नातक के प्राप्तांक के आधार पर तैयार मेधा अंक एवं राज्य सरकार के आरक्षण नियमावली के अनुसार किया गया है। प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि चयन सूची के आधार पर ***दिनांक– 28.06.2026 से 06.07.2026 तक*** आवंटित विषय में ही छात्र–छात्राओं का नामांकन लिया जाय। नामांकन में निम्न बिन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिये जाने की आवश्यकता हैः–

1. अभ्यर्थी अपना चयन–पत्र (Selection letter) या यूजर आई डी (ई–मेल) एवं पासवर्ड (Password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर अपना सेलेक्शन लेटर डाउनलोड कर सकते हैं।
2. यह चयन सूची आवेदकों द्वारा आवेदन में भरे गये तथ्यों के आधार पर तैयार की गयी है। अतएव ***प्रधानाचार्य / प्रभारी प्रधानाचार्य आवेदकों द्वारा आवेदन प्रपत्र में भरे गये तथ्यों की जाँच अभिलेख सत्यापन कोषांग (Paper Verification Cell) द्वारा सत्यापन करने के उपरान्त सभी प्रकार से सही पाये जाने की स्थिति में ही नामांकन सुनिश्चित करेंगे।***
3. आरक्षण कोटि एवं लिंग (Gender) में कोई भी परिवर्तन महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा। यदि छात्र / छात्रा आरक्षरण कोटि के अधीन नामांकन हेतु आवेदन किये हैं, तो ऐसे अभ्यर्थी के आरक्षण कोटि के प्रमाण–पत्रों की जाँच कर नामांकन लेंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन में भरे गये आरक्षण कोटि के आधार पर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर ऐसे अभ्यर्थी का नामांकन नहीं लेगे तथा ऑनलाईन आवेदन में किसी अभ्यर्थी द्वारा अर्हता (प्राप्तांक) संबंधी गलत सूचना दी गयी हो तो चयन सूची से नामांकन के उपरान्त भी वैसे अभ्यर्थी का नामांकन महाविद्यालय द्वारा नहीं लिया जाय। यदि नामांकन के उपरान्त भी अभ्यर्थी का आरक्षण कोटि, प्राप्तांक एवं लिंग संबंधी कोई विसंगति उजागर होती है तो, ऐसे अभ्यर्थी का नामांकन को रद्द करते हुए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को सूचित करेंगे।

4. महाविद्यालय समर्थ पोर्टल पर प्रत्येक दिन नामांकित अभ्यर्थी का Admission Update अनिवार्य रूप से करेंगे। Update करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि नामांकित अभ्यर्थियों की ही प्रक्रिया की जा रही है। Admission Update करने का Flow Chart मेल के साथ संलग्न किया जा रहा है। Update करने में किसी भी तरह की असुविधा होने पर छात्र–कल्याण कार्यालय से कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते हैं।

***सहायता के लिये जिलावार व्यक्तियों की जानकारी इस प्रकार है:–***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. बेगूसराय | – | मुरारी कुमार (TSA) | – | 9304667075 |
| 2. समस्तीपुर | – | संजीव कुमार सुमन (TSA) | – | 9354426866 |
| 3. दरभंगा | – | राजीव यादव (TSA) | – | 9807994665 |
| 4. मधुबनी | – | यश प्रताप (TSA) | – | 8969768749 |

5. नामांकित अभ्यर्थी का MIC और MDC एवं अन्य विषय का निर्धारण बाद में किया जायेगा।
6. **किसी भी महाविद्यालय को अलग से नामांकन–फॉर्म वितरण करने की आवश्यकता नहीं है। ध्यातव्य है कि राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में सभी कोटि की महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं से नामांकन संबंधी शुल्क नहीं लिया जाता है।**
7. चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– 2026–30 में नामांकित अभ्यर्थी का प्रेरण वर्ग (Induction Programme) आयोजित कर ***वर्गारंभ दिनांक–07.07.2026 से करेंगे।***
8. परीक्षा संबंधी विनियमन के अनुसार छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। कम उपस्थिति वाले छात्र/छात्राओं की सूचनायें सभी प्रधानाचार्य ससमय परीक्षा नियंत्रक के दे देंगे।
9. नामांकन के समय निम्नांकित कागजात छात्र/छात्राओं से लिए जाएँ:–

   **क)** एडमिशन सेलेक्शन लेटर।

   **ख)** कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म (सी0 ए0 एफ0)

   **ग)** महाविद्यालय/विद्यालय परित्याग/स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।

   **घ)** अन्तर स्नातक या समकक्ष परीक्षा का प्रवेश पत्र की छाया–प्रति। (स्व–अभिप्रमाणित)

   **ड़)** अंक–पत्र की छाया–प्रति। (स्व–अभिप्रमाणित)

   **च)** पासपोर्ट साईज अद्यतन रंगीन फोटो की दो प्रतियाँ। (फोटो के पीछे अपना नाम, विषय आवश्य लिखें)

   **छ)** जाति प्रमाण–पत्र/आय प्रमाण–पत्र आदि (जिसके लिये लागू हो)। (स्व–अभिप्रमाणित)

   **ज)** आधार कार्ड की छाया–प्रति। (यदि हो) (स्व–अभिप्रमाणित)

   **झ)** प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) की मूल प्रति (जिसके लिये लागू हो)। (नामांकन के समय अनुपलब्धता की स्थिति में दो सप्ताह के अभ्यंतर प्राप्त करने का आवेदन)

   उपरोक्त वर्णित कागजातों की जाँच करने के उपरान्त ही नामांकन लिया जाय।



26/06/26

*नोटः–1) प्रधानाचार्य नामांकित अभ्यर्थियों का अपडेट यदि किसी कारणवश नहीं कर पाये हों तो समर्थ पोर्टल पर दिनांक– 09.07.2026 के 2:00 बजे अपराह्ण तक निश्चित रूप से अपडेट कर लेंगे, जिन अभ्यर्थियों के नामांकन को महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन के माध्यम से अंतिम रूप से **Update** नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित छात्र नामांकन हेतु महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए। इसके उपरान्त अपडेशन संबंधी किसी भी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा। अपडेशन में यदि किसी भी तरह की कठिनाई होती है तो अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से सम्पर्क करें। प्रथम चयन सूची के आधार पर लिये गये नामांकन के उपरान्त कोटिवार बचे हुए रिक्त सीट पर विश्वविद्यालय द्वारा द्वितीय चयन सूची जारी किया जायेगा।*

*2) ससमय वर्गारम्भ के दृष्टिकोण से प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि अवकाश के दिनों में भी नामांकन हेतु आवश्यक व्यवस्था करेंगे।*

*3) सभी महाविद्यालयों की प्रथम चयन सूची ई–मेल के साथ संलग्न है।*

**माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।**

**विश्वासभाजन,**

ह0/–

(प्रो0 अशोक कुमार मेहता)

**अध्यक्ष, छात्र–कल्याण**

ज्ञापांक छा0 क0 – 52/26

दिनांक 26/06/2026

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. **परीक्षा नियंत्रक,** ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **विश्वविद्यालय समर्थ नोडल पदाधिकारी**, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।
3. **नोडल पदाधिकारी/आई0टी0 सेल** (विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड हेतु) ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
4. **कुलपति के सचिव/कुलसचिव एवं वित्त पदाधिकारी** के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।

26.6.26

**अध्यक्ष, छात्र–कल्याण**